# घर से सांभर के सींग और 25 नग सागौन जब्त

**▸ ग्राम सियरमऊ में एक आरोपी गिरफ्तार**

नवभारत न्यूज

**सिलवानी, 27 जुलाई. वन मंडलाधिकारी (सामान्य) रायसेन के मार्गदर्शन एवं उप वनमंडलाधिकारी (सामान्य) सिलवानी के निर्देशन में वन परिक्षेत्र सिलवानी पूर्व की टीम ने अवैध वन्यजीव एवं वनोपज तस्करी के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई करते हुए ग्राम सियरमऊ से एक आरोपी को गिरफ्तार किया है.**



आरोपी के घर से वन्यप्राणी सांभर का एक सींग, 25 नग अवैध सागौन वनोपज तथा फर्नीचर निर्माण में उपयोग होने वाले उपकरण जब्त किए गए हैं. जब्त सागौन वनोपज की अनुमानित कीमत लगभग 40 हजार रुपये बताई गई है.

वन विभाग के अनुसार आरोपी जाहिर सिंह पुत्र सूरत सिंह ठाकुर निवासी ग्राम सियरमऊ, तहसील सिलवानी के विरुद्ध भारतीय वन अधिनियम, 1927 एवं वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 के तहत वन अपराध प्रकरण क्रमांक 47337/21 दर्ज किया गया है. वन परिक्षेत्राधिकारी सिलवानी पूर्व के नेतृत्व में वन अमले ने आरोपी के घर पर दबिश देकर तलाशी ली.

> इस दौरान घर में अवैध रूप से रखा गया सांभर का सींग, 25 नग सागौन की लकड़ी तथा फर्नीचर निर्माण में प्रयुक्त उपकरण बरामद किए गए. बरामद सामग्री को जब्त कर आरोपी को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया. गिरफ्तार आरोपी को रविवार को न्यायालय रायसेन में पेश किया गया, जहां से न्यायालय ने उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजने के आदेश दिए. वन विभाग ने बताया कि वन्यजीवों के शिकार एवं अवैध वनोपज की तस्करी के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा तथा ऐसे मामलों में दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी.

# विहिप का जिला अभ्यास वर्ग का आयोजन

नवभारत न्यूज

**सिलवानी, 27 जुलाई. विश्व हिंदू परिषद के दो दिवसीय जिला अभ्यास वर्ग का आयोजन 25-26 जुलाई को विश्वकर्मा मैरिज गार्डन सिलवानी में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ. वर्ग का शुभारंभ श्रीराम दरबार के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पूजा-अर्चना के साथ हुआ.**



प्रथम दिवस के उद्घाटन सत्र में प्रांत मंत्री नवल भदोरिया ने विश्व हिंदू परिषद की स्थापना, उद्देश्य एवं उपलब्धियों पर विस्तार से मार्गदर्शन प्रदान किया. इस अवसर पर वर्ग प्रमुख महेश नामदेव, विभाग मंत्री दौलत लोंगवानी तथा जिला मंत्री बलवंत ठाकुर मंचासीन रहे. दो दिवसीय अभ्यास वर्ग में सामाजिक समरसता, मठ-मंदिर, नैतिक शिक्षा, सेवा, सुरक्षा तथा संगठन सशक्तीकरण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा एवं मार्गदर्शन हुआ.

द्वितीय दिवस को विभाग संयोजिका दुर्गा वाहिनी मोनिका धाकड़ का प्रेरक उद्बोधन हुआ. समापन सत्र में विभाग संगठन मंत्री मुकेश महेश्वरी ने कार्य-पद्धति, नेतृत्व क्षमता, संगठन विस्तार तथा समर्पित भाव से कार्य करने के विषय में कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया. अभ्यास वर्ग में जिला, प्रखंड एवं खंड स्तर के पदाधिकारी, दुर्गा वाहिनी की बहनें तथा बड़ी संख्या में विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के कार्यकर्ता उपस्थित रहे. कार्यक्रम का समापन भारत माता एवं भगवान श्रीराम के जयघोष के साथ हुआ.

## एक नजर में

### सांची विवि में आदि शंकराचार्य जयंती पर व्याख्यान आज

**सलामतपुर, 27 जुलाई.** सॉंची बौद्ध-भारतीय ज्ञान अध्ययन विश्वविद्यालय आदि शंकराचार्य जयंती के उपलक्ष में मंगलवार 28 जुलाई को भारतीय दार्शनिक दिवस मनाने जा रहा है. भारतीय दार्शनिक अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली के सहयोग से विश्वविद्यालय द्वारा विभिन्न वक्ताओं के विशेष व्याख्यान आयोजित किए गए हैं. 'गुरुतत्व दर्शन : भारतीय ज्ञान परम्परा में गुरु का दार्शनिक एवं आध्यात्मिक स्वरूप' विषय पर विश्वविद्यालय के ग्रंथालय के सेमिनार हॉल में यह आयोजन सुबह 11.30 बजे रखा गया है. इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के तौर पर विदिशा स्थित योगाश्रम के परम पूज्य स्वामी डॉ. दीक्षानंद सरस्वती जी सम्मिलित होंगे .उनके अलावा सैम ग्लोबल यूनिवर्सिटी, भोपाल के डीन, रिसर्च, डेवलपमेंट एवं आयुर्वेद विभाग के डॉ. अखिलेश कुमार सिंह अपने लाभकारी विचार रखेंगे होंगे. इनके अलावा सागर डॉ. हरि सिंह गौर विश्वविद्यालय के योग विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. अरूण कुमार साव भी इस व्याख्यान में सम्मिलित होंगे.

### आरएनटीयू और एमपी योगासन संघ में एमओयू

**भोपाल, 27 जुलाई.** रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय (आरएनटीयू) और मध्य प्रदेश योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन के बीच एक समझौता हुआ. इसका उद्देश्य योगासन खेल, शिक्षा और शोध को बढ़ावा देना है. समझौते के तहत खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण और प्रतियोगिताओं की तैयारी के मौके दिए जाएंगे. संस्था के मुताबिक, यह पहल योगासन को संस्थागत स्तर पर मजबूत करने के लिए की गई है. इसके जरिए विद्यार्थियों और खिलाड़ियों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए तैयार किया जाएगा. साथ ही कार्यशालाएं, प्रशिक्षण कार्यक्रम और संयुक्त शोध परियोजनाएं भी संचालित की जाएंगी .विश्वविद्यालय प्रशासन का कहना है कि इस समझौते से योग के क्षेत्र में शोध कार्य को नई दिशा मिलेगी .अधिकारियों ने बताया कि साक्ष्य आधारित योग अध्ययन को बढ़ावा देने पर भी खास ध्यान रहेगा. इससे छात्रों और शोधार्थियों को व्यावहारिक अनुभव और बेहतर संसाधन मिल सकेंगे. कार्यक्रम विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित हुआ. इस दौरान कुलगुरु प्रो. आरपी दुबे ने कहा कि शिक्षा के साथ शोध और खेल को जोड़ना जरूरी है. कुलसचिव डॉ संगीता जौहरी ने भी इसे योग शिक्षा और प्रशिक्षण के लिए अहम कदम बताया .आयोजन में दोनों संस्थाओं के पदाधिकारी और सदस्य मौजूद रहे.

### बीएनआई के स्थापना दिवस पर निकली कार रैली

**भोपाल,27 जुलाई.** बिजनेस नेटवर्क इंटरनेशनल (बीएनआई) के सातवें स्थापना दिवस पर रविवार को एक दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया गया. आयोजन का मकसद व्यवसायिक नेटवर्किंग बढ़ाना और शहर में उद्यमिता को मजबूत करना रहा. कार्यक्रम की शुरुआत लिंक रोड नंबर-1 से जागरूकता कार रैली के साथ हुई. रैली को प्रदेश के खेल मंत्री विश्वास सारंग ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया. आयोजकों के अनुसार इसमें 150 से ज्यादा लोग शामिल हुए. रैली के जरिए सड़क सुरक्षा, पर्यावरण संरक्षण और जिम्मेदार कारोबार का संदेश दिया गया .इसके बाद अलग-अलग सत्रों में प्रतिभागियों को सात टीमों में बांटा गया .यहां बिजनेस से जुड़ी समस्याओं के समाधान, नए आइडिया और आपसी सहयोग पर चर्चा हुई. प्रतिभागियों ने अपने अनुभव साझा किए और संभावित व्यापारिक अवसरों पर बातचीत की. कार्यक्रम के दौरान बेहतर प्रदर्शन करने वाले सदस्यों को सम्मानित भी किया गया .संस्था के मुताबिक बीएनआई भोपाल में 500 से अधिक सदस्य जुड़े हैं और पिछले कुछ वर्षों में नेटवर्किंग के जरिए कारोबार बढ़ाने में मदद मिली है .आयोजकों ने भोपाल को मजबूत बिजनेस हब के रूप में विकसित करने की दिशा में काम जारी रखने की बात कही.

### ज्ञान का दुरुपयोग सबसे बड़ा अपराध : आचार्यश्री

**भोपाल, 27 जुलाई.** आचार्यश्री समय सागर महाराज की धर्मसभा में रविवार को साधना के मार्ग और ज्ञान के सही उपयोग पर जोर दिया गया. कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और आचार्य विद्या सागर महाराज को स्मरण करते हुए दिन की शुरुआत की गई. आयोजन में नवधा भक्ति के साथ आहार चर्या और इसके बाद जिज्ञासा समाधान का क्रम चला. धर्मसभा में आचार्य समय सागर महाराज ने कहा कि वर्षों की साधना से बने मार्ग को सुरक्षित रखना समाज की जिम्मेदारी है. उन्होंने कहा कि ज्ञान का गलत उपयोग सबसे बड़ा अपराध है, जबकि प्रज्ञा का सदुपयोग ही साधना की पहचान है. उनके मुताबिक आस्था और विश्वास के बिना कोई भी आध्यात्मिक मार्ग आगे नहीं बढ़ सकता .उन्होंने यह भी कहा कि साधना में राग और मोह बाधा बनते हैं,इसलिए मन को निर्मल रखना जरूरी है. केवल सुनना और बताना आसान है, लेकिन उसे जीवन में उतारना कठिन होता है. शहर में चातुर्मास की तैयारियां भी शुरू हो गई हैं.

# सलामतपुर में रिमझिम बारिश के साथ सजी भुट्टों की दुकानें

**▸ ओवरब्रिज और प्रमुख चौराहों पर लगीं दुकानें**

नवभारत न्यूज

**सलामतपुर, 27 जुलाई. जैसे ही आसमान से रिमझिम फुहारें बरसने लगी हैं और मौसम सुहाना हुआ है, वैसे ही सलामतपुर और उसके आसपास के इलाकों की सूरत बदल गई है. बारिश की दस्तक के साथ ही क्षेत्र में गर्मागर्म भुट्टों (छल्ली) की दुकानों की बहार आ गई है. भुट्टों की भीनी-भीनी खुशबू और कोयले की आंच पर सिकते भुट्टों का नज़ारा सड़कों से गुजरने वाले राहगीरों को अपनी ओर खींच रहा है.**



मौसम का मिजाज बदलते ही कस्बे के साथ-साथ मुख्य स्थानों पर भुट्टे बेचने वालों का तांता लग गया है. मुख्य रूप से सलामतपुर रेलवे ओवरब्रिज, कचनारिया जोड़, बेरखेड़ी चौराहा, त्रिमूर्ति चौराहा इन सभी प्रमुख पॉइंट्स और हाईवे के किनारों पर बड़ी संख्या में भुट्टों के स्टॉल सज चुके हैं. यहां से गुजरने वाले दोपहिया व चारपहिया वाहन चालक अपनी गाड़ियां रोककर चटपटे, नींबू-मसाले से सजे गर्मागर्म भुट्टों का स्वाद लेना नहीं भूल रहे हैं. इस मौसमी कारोबार ने केवल राहगीरों का जायका ही नहीं बढ़ाया है, स्थानीय बेरोजगार युवाओं के लिए भी राहत की सांस लाया है.बारिश के इस मौसम में भुट्टों की मांग अचानक बहुत बढ़ जाती है.

> **सफर का मज़ा हुआ दोगुना**
>
> सलामतपुर से गुजरने वाले यात्रियों का कहना है कि सुहाने मौसम और लंबे सफर के बीच रास्ते में रुककर गर्मागर्म भुट्टा खाना एक अलग ही आनंद देता है. यही वजह है कि शाम होते-होते इन दुकानों पर लोगों की अच्छी-खासी भीड़ उमड़ रही है, जिससे दुकानदारों के चेहरे भी खिले हुए हैं.



# प्रभु राम से बढ़कर कोई भी गुरु अनुगामी नहीं

**▸ सत्संग में जन्मेजयशरणदास महाराज के प्रवचन**

नवभारत न्यूज

**उदयपुरा, 27 जुलाई. उदयपुरा नगर के श्री राम जानकी बड़ा मंदिर पर राष्ट्रीय संत जन्मेशरण दास की अध्यक्षता में आयोजक श्याम शरण कोठारी महाराज द्वारा गुरु पूर्णिमा महोत्सव का सप्तदिवसीय, सत्संग आयोजन की श्रृंखला में श्री रामचरितमानस विद्यापीठ द्वारा संचालित संत ग्रंथ संदेश, मानस यात्रा के पहुंचने पर कार्यक्रम मुख्य यजमान कविंद्र रघुवंशी एवं भुवनेश श्रीवास्तव ने संत, विद्वानों का पुष्पमाला पहनकर स्वागत किया.**

अयोध्या धाम रसिक पीठाधीश्वर महंत जन्मेजयशरणदास ने कहा कि प्रभु श्री राम सभी का सम्मान करते थे, उनकी हर क्रिया अपने गुरुजनों के मार्गदर्शन में संचालित रही है, धनुष भंग प्रसंग पर महाराज जी ने कहा गुरु कि आज्ञा मिलने पर ही प्रभु श्रीराम ने धनुष भंग किया. प्रभु राम से बढ़कर जगत में कोई भी गुरुअनुगामी नहीं हो सकता, प्रभु श्री राम के आदर्शों को हमें अपने जीवन में लाना है.

श्री रामचरितमानस विद्यापीठ के राष्ट्रीय आचार्य पं. सुरेंद्र शास्त्री ने मानस ग्रंथ के माध्यम से बताया कि राजा जनक द्वारा अपनी पुत्री श्री सीताजी के स्वयंवर में रखा गया धनुष अहंकार का प्रतीक है, जो छल, कपट एवं अभियान से नहीं टूट सकता, इसे तोड़ने के लिए अनुशासनता, शीलता, धैर्यता जैसे गुणों की आवश्यकता है, जो सद्गुण, प्रभु श्री राम में विद्यमान है. महामंडलेश्वर मानस केसरी, महंत मंजुल जी महाराज ने भी गुरु के महत्व पर प्रकाश डाला, मानस चिंतक राजेंद्र शास्त्री, हरिदास संगीताचार्य, मानस प्रवक्ता रामनरेश शास्त्री, नर्मदा प्रसाद रामायणी, अर्जुन भार्गव रामायणी, दीपक शास्त्री, योगेश पांडे ने मानस के धनुष यज्ञ, प्रसंग के साथ गुरु तत्व पर सुंदर व्याख्याएं प्रस्तुत की, मानस कवि गोविंद गोदानी ने 'मैं दीन हूं, मलीन हूं, गुरु मेरा उद्धार करो' भजन प्रस्तुत किया.

# पीएम श्री कन्या विद्यालय में जागरुकता रैली आयोजित

**▸ गुरुपूर्णिमा परखवाड़ा के तहत हुआ आयोजन**

नवभारत न्यूज

**सिलवानी, 27 जुलाई. गुरु पूर्णिमा पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत 15 जुलाई से 29 जुलाई 2026 तक आयोजित विभिन्न गतिविधियों की श्रृंखला में सोमवार को नगर की प्रतिष्ठित शिक्षण संस्था पीएम श्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, सिलवानी में स्वच्छता अभियान एवं स्वच्छता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया.**



कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण तथा सामाजिक जिम्मेदारियों से संबंधित आकर्षक एवं रंगीन पोस्टर तैयार कर स्वच्छ एवं हरित वातावरण का संदेश दिया. विद्यालय परिसर, आसपास के क्षेत्र में स्वच्छता अभियान चलाकर छात्राओं ने श्रमदान भी किया तथा रैली के माध्यम से आमजन को स्वच्छता अपनाने और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया. इस अवसर पर बीईओ रूपेंद्र सिंह ठाकुर ने कहा कि विद्यालय ही वह मंच है, जहाँ से एक जिम्मेदार नागरिक बनने की प्रेरणा मिलती है. कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में ऐसे संस्कार विकसित करना है, जिससे वे विद्यालय से प्राप्त सीख को घर और समाज तक पहुँचाकर स्वच्छता,पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ा सकें.

## 128 खिलाड़ियों पर लगी बोली, 13 से मुकाबले

**भोपाल, 27 जुलाई.** भोपाल बैडमिंटन लीग (बीबीएल) के चौथे सीजन की नीलामी हुई, जिसमें आठ फ्रेंचाइजी टीमों ने 175 पंजीकृत मास्टर्स खिलाड़ियों में से 128 खिलाड़ियों को अपने साथ जोड़ा. 13 अगस्त से शुरू होने वाले टूर्नामेंट की तैयारियां तेज हो गई हैं. आयोजकों के अनुसार इस बार लीग में पिछले सीजन की विजेता विजयी भारत वॉरियर्स और उपविजेता आईसेक्ट स्मैशर्स के अलावा छह अन्य टीमें खिताब के लिए चुनौती पेश करेंगी. इनमें गोल्डन दीप शटलर्स, गीत बैडमिंटन एंड यारी, ग्लोबल एवेंजर्स, गोपाल्स पैंथर्स, सुरेंद्र सूरमाज़ पहली बार शामिल हुई युवम इंडिया भी मैदान में उतरेगी.



# नवनियुक्त एल्डरमैन का किया स्वागत

**उदयपुरा, 27 जुलाई.** लक्ष्मण धाकड़ के निवास पर नवनियुक्त 'एल्डरमैन' का स्वागत किया गया, जिसमें भवानी विश्वकर्मा, संतोष जैन, लक्ष्मी नारायण सेन, अमित राय शामिल थे. इस अवसर पर जिला महामंत्री केशव पटेल, मंडल अध्यक्ष अभिषेक श्रीवास्तव सहित शिबूलाल साहू, मुन्नाबू लोधी .रंजीत खटीक, सतीश नायक, सुनील कहार, जयराम धाकड़ भवानी सोनी, सुरेश धाकड़, प्रदीप सेन नीरज पोरिया, मनोज तोमर, संग्राम सेन, संजय बड़कुर, पिंकी चक्रधर, बसंत पटवा सुमेश सोनी, रोहित धाकड़ सहित पार्टी के वरिष्ठ गणमान्य नेता उपस्थित रहे.

# लगन और मेहनत से पढ़ाई करें विद्यार्थी : प्रभारी मंत्री

**▸ मंत्री पंवार ने सांची में शासकीय सांदीपनि विद्यालय का किया लोकार्पण**

नवभारत न्यूज

**सलामतपुर, 27 जुलाई. प्रदेश के मछुआ कल्याण एवं मत्स्य विकास विभाग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा जिले के प्रभारी मंत्री नारायण सिंह पंवार, सांची विधायक डॉ प्रभुराम चौधरी तथा जिला पंचायत अध्यक्ष यशवंत मीणा द्वारा सांची में नवनिर्मित शासकीय सांदीपनि उ.मा. विद्यालय भवन का लोकार्पण किया गया.**



इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष पप्पू रेवाराम अहिरवार, कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा, पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता, जिला पंचायत सीईओ कमल सोलंकी, राकेश शर्मा सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहे. लोकार्पण कार्यक्रम में स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी दी गई.

कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री पंवार ने सोमवार को सांची में 40 करोड़ रुपये से अधिक लागत से निर्मित सांदीपनि विद्यालय भवन का लोकार्पण किया. इस मौके पर उन्होंने कहा कि विद्यार्थी पूरी लगन और मेहनत से सीखे, पढ़े और अपने भविष्य को गढ़े. शिक्षक भी विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करते हुए उनके सपनों को नया आकार दें, ताकि विद्यार्थी बेहतर भविष्य की ओर अग्रसर हो सकें. सांची विधायक डॉ चौधरी ने कहा कि आज सांची को एक ओर महत्वपूर्ण सौगात मिली है. चालीस करोड़ रुपये से अधिक राशि से बनकर तैयार इस भवन का लोकार्पण हुआ है. दूरदराज से बच्चों को विद्यालय आने में परेशानी ना हो, इसके लिए उनके गांव तक बस की सुविधा उपलब्ध कराई गई है.

प्रभारी मंत्री पंवार, विधायक डॉ चौधरी तथा जिला पंचायत अध्यक्ष यशवंत मीणा ने विद्यालय की विभिन्न कक्षाओं में जाकर व्यवस्थाओं को देखा तथा प्राचार्य से जानकारी ली.

**फसल बीमा योजना ▸ सलामतपुर क्षेत्र के 28 गांवों के 1,900 किसानों को योजना से जोड़ने का लक्ष्य**

# सलामतपुर सहकारी संस्था में 400 किसान करा चुके हैं पंजीकरण

नवभारत न्यूज

**सलामतपुर, 27 जुलाई. सांची जनपद स्थित सलामतपुर प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था में इन दिनों खरीफ वर्ष 2026 के लिए फसल बीमा कराने वाले किसानों की चहल-पहल बनी हुई है. मौसम की अनिश्चितता और प्राकृतिक आपदाओं के जोखिम को देखते हुए किसान अपनी फसलों की सुरक्षा के प्रति सजग नज़र आ रहे हैं. अब तक क्षेत्र के लगभग 400 किसान योजना का लाभ उठाकर अपनी फसलों का बीमा करा चुके हैं.**



**31 जुलाई है अंतिम तारीख** - सलामतपुर सहकारी संस्था के अंतर्गत कुल 28 गांव और लगभग 1,900 किसान आते हैं. संस्था के प्रबंधक कुंवर सिंह दांगी ने सभी ऋणी एवं अऋणी किसानों से अपील करते हुए कहा कि वे अंतिम तिथि की प्रतीक्षा किए बिना शीघ्र अति शीघ्र अपनी फसलों का बीमा कराएं.

मौसम विभाग के पूर्वानुमानों के अनुसार इस वर्ष अल-नीनो के प्रभाव से कम बारिश, अनियमित वर्षा या सूखे जैसी परिस्थितियां बनने की आशंका व्यक्त की जा रही है. ऐसी स्थिति में खरीफ फसलों के उत्पादन पर प्रतिकूल असर पड़ सकता है.

यही वजह है कि प्राकृतिक और अनियंत्रित परिस्थितियों— जैसे सूखा, अतिवृष्टि, बाढ़, जलभराव, ओलावृष्टि, चक्रवात, तेज हवा, बिजली गिरने तथा कीट एवं रोगों से होने वाले नुकसान की स्थिति में यह योजना किसानों के लिए एक मजबूत सुरक्षा कवच का काम करती है. गौरतलब है कि जिले में खरीफ वर्ष 2025 के दौरान 76,116 किसानों ने 1.83 लाख हेक्टेयर रकबे का बीमा कराया था.

> **इनका कहना है.**
>
> 'प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत खरीफ वर्ष 2026 की अधिसूचित फसलों के बीमा की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2026 तय की गई है. अंतिम दिनों में होने वाली तकनीकी परेशानी या भीड़ से बचने के लिए किसान समय रहते अपने दस्तावेज़ जमा कराएं.'
>
> कुंवर सिंह दांगी प्रबंधक, सलामतपुर सहकारी संस्था

# करंट लगने से 10 वीं की छात्रा की मौत

## ग्राम तुलसीपार में हुआ हादसा, लोहे के कूलर से लगा करंट

नवभारत न्यूज

**बेगमगंज, 27 जुलाई. सोमवार की सुबह ग्राम तुलसीपार में एक 17 वर्षीय बालिका की लोहे के कूलर में प्रवाहित करंट की चपेट में आने से मौत हो गई. पुलिस सूत्रों के अनुसार तुलसीपार निवासी अय्यूब खान की 17 वर्षीय पुत्री जीनत वी. जोकि कक्षा 10 वी. की छात्रा है ओर जो सुबह तड़के उठकर पढ़ाई करती थी.**



इसके बाद वह तैयार होकर स्कूल जाती है. आज सुबह करीब 9 बजे अपने घर में जब नहाकर आई ओर उसने कमरे में रखे लोहे के कूलर के ऊपर जैसे ही साबुनदानी रखी ओर उसका हाथ कूलर से टच हुआ तो वैसे ही वह कूलर में प्रवाहित करंट की चपेट में आने से चिपक गई. उसकी चीख सुनकर मां भागकर अंदर आई और ये माजरा देखकर घबरा गई कि उसकी बेटी कूलर से चिपकी हुई है तो उन्होंने जल्दी से बिजली बोर्ड से स्वीच बंद कर तार अलग किया लेकिन तब तक बालिका अचेत हो चुकी थी. जिसे परिजन तत्काल सिविल लेकर पहुंचे. जांच उपरांत डॉक्टर ने बालिका को मृत घोषित कर दिया. थानाप्रभारी राजीव उइके ने बताया कि तुलसीपार गांव में करंट की चपेट में आने से बालिका जीनत वी. की मौत होने पर मर्ग कायम करके जांच में लिया है.